ब्रीफ न्यूज

केंद्रीय मंत्री ने मगध हेल्थ केयर का किया शुभारंभ

गया (रासासं): शहर के मीर अबू सालेह रोड पुराना जीबीएम कॉलेज के समीप स्थित मगध हेल्थ केयर का रविवार को केंद्रीय सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री सह नवनिर्वाचित सांसद जीतन राम मांझी, टिकारी विधायक डॉ अनिल कुमार, जदयू महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल, पंचायती अखाड़ा उदासीन संगत के महंत दुर्वेश दास एवं अस्पताल के प्रबंध निदेशक सह वार्ड पार्षद राहुल कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं स्वस्तिवाचन के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि गया में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल खोलने से आम गरीब लोगों को काफी फायदा होगा।

17 से 23 जून तक शास्त्रीय गायन कार्यशाला का होगा आयोजन

गया (रासासं): विश्व विख्यात शास्त्रीय गायक पदमभूषण प्राप्त पंडित साजन मिश्र के निर्देशन में सुर सलिला गया जी ट्रस्ट के द्वारा 17 से 23 जून तक शास्त्रीय गायन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। एक सप्ताह तक सिजुआर भवन गया में आयोजित इस कार्यशाला में देश के कई प्रदेश के ख्याति प्राप्त संगीतज्ञ और प्रशिक्षणार्थी भाग लेंगे। कार्यशाला का उद्घाटन 17 जून को पूर्वाहन 10 बजे किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी सुर सलिला गया जी ट्रस्ट के सचिव राजेश्वर सिंह और संयोजक राजेंद्र सिजुआर ने दी है। इस अवसर पर आपको सादर आमंत्रित किया जाता है।

पंजाब नेशनल बैंक में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन

परैया (रासासं): प्रखंड मुख्यालय स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में शनिवार को प्रबंधक के स्थानांतरण पर विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन कर्मियो द्वारा किया गया। बैंक प्रबंधक रामकिशोर प्रसाद का स्थानांतरण गया के टिकारी रोड शाखा में हुआ है। जबकि गया छोटकी नवादा के शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार ने परैया में योगदान किया है। प्रबंधक रामकिशोर प्रसाद ने बताया कि परैया शाखा में दो वर्ष ग्यारह माह तक सेवा दिए। इससे पूर्व भी क्लर्क के पद पर परैया में आठ माह की सेवा पूर्ण किए थे। अजमतगंज मुखिया सुनील कुमार शर्मा, सलेमपुर निवासी राजद नेता राजेश शर्मा, व्यवसाई श्रवण कुमार ने पुष्पमाला और अंगवस्त्र से दोनो शाखा प्रबंधक को सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक आकाश कुमार, कैशियर बीरेंद्र कुमार, अनामिका कुमारी, कृति कुमारी, कौलेशर प्रसाद, सीएसपी संचालक धनंजय कुमार, विशाल कुमार, धनंजय कुमार, रंजन कुमार आदि उपस्थित रहे।

मियांपुर नरसंहार की मनाई गई 24वीं बरसी, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

गोह (रासासं): रविवार को गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मियांपुर नरसंहार की 24 वीं बरसी मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता अमरेश कुमार ने की। उपस्थित लोगों ने नरसंहार में मारे गये 34 लोगो की याद में गांव में बने मियांपुर शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आज ही के दिन 24 वर्ष पूर्व 34 लोगों को निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। तब से मियांपुरवासियों के लिए 16 जून की रात काला अध्याय के रूप में माना जाता है। जहाँ हथियारबंद अपराधियों ने गांव पर चढ़ाई कर पिछड़े और अतिपिछड़े तबके के पुरूष, महिलाओं समेत बच्चों को भून डाला था। इस मौके पर सीपीआई के अंचल मंत्री सुरेश प्रसाद यादव, रामदयाल यादव, सुधीर कुमार, कृष्ण यादव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

शांति समिति की बैठक आयोजित

इमामगंज (रासासं): सलैया थाना परिसर में रविवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष विद्या शंकर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कहीं से कोई माहौल बिगड़ने का कोशिश करता है तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दे। पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

नालंदा में पिता के साथ सो रही नाबालिग से रेप

नालंदा (रासासं): नालंदा में 8 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला रविवार को सामने आया है। घटना लहेरी थाना क्षेत्र में बीती रात हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि बीती रात 9 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक द्वारा 8 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म किया गया है। सूचना प्राप्त होने के बाद रउढड सदर के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित पक्ष से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। घटनास्थल के आसपास से साक्ष्यों का संकलन किया गया। किशोरी के पिता ने बताया कि उनकी बच्ची को पेट दर्द हो रहा था, इसलिए उन्होंने उसे अपने पास ही सुला रखा था। किशोरी के पिता ने बताया कि वह अपनी बच्ची के साथ अपने दुकान के बाहर ही बीती रात सोए हुए थे। जब वह गहरे नींद में चले गए तो बदमाश द्वारा उनकी बच्ची को वहां से उठा लिया गया। पास में ही ले जाकर उसके साथ गंदा काम किया गया। अचानक जब उनकी नींद खुली तो वह बच्ची को अपने पास नहीं पाकर हो हल्ला करने लगे। तभी बदमाश वहां से फरार हो गया। इसके बाद वह अपनी बच्ची के पास पहुंचे, जहां देखा कि वह खून से लथपथ है। सुप्तावस्था में बदमाश ने उनके गले से सोने का लॉकेट भी काट लिया था। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। आरोपी की पहचान में पुलिस जुट गई है। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम की भी मदद ली जा रही है।

स्कूल के पीछे मिला युवक का शव, लू लगने की जताई जा रही आशंका

नालंदा (रासासं): रविवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक युवक के शव को पुलिस ने बरामद किया है। मामला पावापुरी ओपी क्षेत्र के पोखरपुर गांव स्थित पोखरपुर स्कूल के समीप की है। मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के रैतर गांव निवासी गिरानी चौधरी के (28) वर्षीय पुत्र धनेश्वर चौधरी के रूप में की गई। शव के पोस्टमॉर्टम के लिए परिजन बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत कब और कैसे हुई है। इस मामले में परिजन कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। पावापुरी ओपी प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि स्कूल के समीप एक शव अचेतावस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। प्रथम दृष्टिया लू लगने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। मुंह से झाग भी निकल रहा था। छानबीन में पता चला कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसका कुछ समय से दवा भी चल रहा था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

हर घर शुद्ध जल पहुंचाने के लिए विभाग मुस्तैदी से कर रहा है काम : पीएचईडी मंत्री

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: गया में बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा कि पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्लान बनाया जा रहा है। हर घर शुद्ध जल पहुंचे, इस पर काम किया जा रहा है। परिसदन भवन में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी आपदा की तरह है। पानी की समस्या के समाधान के लिए विभाग के सारे अधिकारियों से फीडबैक लिया है। क्या काम चल रहा है। कैसे हम समाधान कर सकते हैं। इस पर अधिकारियों से बात हुई है।

गया जिले में करीब 41 हजार चापाकल है। जहां भी जलस्तर गिरा हुआ है, वहां व्यवस्था की जा रही है। जिस जगह पर नल जल का पाइप फेल हो रहा है। जलस्तर भाग गया है। वहां 200 टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है। आपदा विभाग से भी हमलोगों को मदद मिल रहा है। इसके अलावा दलित और महादलित बस्ती में जहां भी चापाकल की जरूरत होगी, वहां व्यवस्था कराएंगे।

मंत्री नीरज कुमार बबलू ने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार का सपना है कि हर घर शुद्ध जल पहुंचे। इस पर काम किया जा रहा है। विभाग मुस्तैदी से काम कर रहा है। पंचायती राज से जो काम हुआ था उसमें गड़बड़ियां सामने आई थी।

जिसे देखते हुए सरकार ने पंचायती राज के सारे नल जल योजना को हमारे विभाग को ट्रांसफर कर दिया है। मुझे लगता है कि बहुत जल्द हमलोग काम करेंगे। उस पर प्लान किया जा रहा है। पंचायती राज से भी फंड आ रहा है। हमलोग उसको बहुत जल्दी दुरुस्त करने वाले हैं।

विभिन्न गांवों में छापेमारी कर दो आरोपी को दबोचा

कोंच (रासासं): कोंच थाने की पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष धंनजय कुमार सिंह ने बताया कि कांड संख्या 559/24 में शादी के झंसा देकर यौन शौषण करने के मामले में मुकेश कुमार पिता अर्जून यादव ग्राम मदारपुर थाना कुरथा जिला अरवल को एएसआई विभा कुमारी पुलिस बलों के साथ छापेमारी कर गिरफ्तार की है वही इसी मामले में अपहर्ता को एक चौंसठ का बयान कराने के लिए न्यायालय भेज दिया गया। वही कांड संख्या 9/22 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त टुनटुन चौरसिया ग्राम रौना को जमिनी विवाद मामले में मारपीट मामले में एएसआई विशवरथ घोस पुलिस बलों के साथ गिरफ्तार किया है वही दोनों आरोपी को कोविड जांच कराकर जेल भेज दिया है।

शराबबंदी के कारण गरीब और दलित हो रहे हैं परेशान: मांझी

शराबबंदी को लेकर सीएम नीतीश से करेंगे बात

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: केंद्रीय मंत्री व गया सांसद जीतन राम मांझी ने एक बार फिर कहा है कि हम शराबबंदी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात करेंगे। मांझी ने कहा कि शराबबंदी से सबसे ज्यादा नुकसान हमारे गरीब मजदूर भाइयों को झेलना पड़ रहा है। इसको लेकर वे सीएम नीतीश से बात करेंगे। जीतनराम मांझी शनिवार की देर शाम गया के इमामगंज पहुंचे। इस दौरान मांझी ने एक समारोह में एक बार फिर शराबबंदी को लेकर और गरीबों पर हो रहे अत्याचार को लेकर बड़ा बयान दिया है। मांझी ने कहा कि एक ओर तस्कर मालामाल हो रहे हैं और दूसरी ओर गरीब, पिछड़े और दलितों को परेशान किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि पुलिस या अन्य लोग भी जानबूझकर हमारे गरीब लोगों को तबाह करते हैं। बड़े-बड़े तस्कर हजारों लीटर लेकर भाग जाते हैं। पैसा देकर छूट जाते हैं। लेकिन हमारे छोटे कार्यकर्ता जो पऔ, आधा शेर बनाते हैं या पीते हैं उसको पकड़ कर उसके साथ इस तरह से अन्याय करती है। इसको लेकर पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश से हमने बात की थी। अभी भी जब मुख्यमंत्री से मिलेंगे तो आपलोगों की बात और जहां-जहां से सूचना मिल रही है, उसकी बात मुख्यमंत्री से करेंगे। मांझी ने आगे कहा कि शराबबंदी कानून में कई प्रकार की अनियमितताएं हैं। इसके भुक्तभोगी हमारे सबसे अधिक कोई हो रहे हैं, तो वह महादलित गरीब तबके के लोग हैं।

कोंच और आंती थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कोंच: कोंच थाना परिसर और आंती थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रविवार के सुबह 8 बजे हुई जिसमें शांति से पर्व मनाने का अपील किया गया है।

बैठक की अध्यक्षता कोंच थानाध्यक्ष धंनजय कुमार सिंह और आंती थाने में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने की। थानाध्यक्ष ने कहा कि बकरीद पर्व के अवसर पर घरों से निकलने वाले अवशिष्ट को जमीन में गड्ढें खोद कर निष्पादन करें ताकि किसी तरह की परेशानी नहीं हो सके। लोगों से अपील की है कि ईद उल जुहा बकरीद एक त्याग और बलिदान का पर्व है। शांति सद्भाव और प्रेम भाईचारा के साथ मनाएं। इस बैठक में जल संचयन करने के लिए लोगों से अपील किया गया है। हर घर में जमीन की खुदाई कर बारिश की पानी का संग्रहण करने से भूजल स्तर ऊपर रहेगा। जिससे पेयजल की समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाह से बचने को कहा। वहीं, जदयू जिला महासचिव मो.आकिब आलम ने कहा कि इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, हर साल आखिरी माह जु अल-हज्जा की 10 वीं तारीख को बकरीद का पर्व मनाया जाता है। इस साल बकरीद 17 जून 2024 को मनाई जा रही है। ये पर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम से ही कुबार्नी देने की प्रथा शुरू हुई थी। इस दिन सूर्योदय के बाद नमाज अदा करने के बाद कुबार्नी दी जाती है। तिनेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो इंतेशाब ने बताया कि दुनियाभर के मुसलमानों द्वारा पैगंबर इब्राहिम के बलिदान को याद करते हुए इस दिन बकरे की कुबार्नी दी जाती है।

इस अवसर पर एस आई अभिलाष सिंह, तिनेरी सरपंच प्रतिनिधि मो शाहिद उर्फ साहू, पुण्यदेव यादव, द्वारिका चंद्रवंशी, हरेंद्र कुमार दांगी, मो सगीर आलम, मो ताजुद्दीन अख्तर, मो हसनैन, उपेंद्र यादव, रमेश यादव, गणेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

नाला निर्माण को लेकर किया गया रुट डायवर्ट

नालंदा (रासासं): बिहार शरीफ के अस्पताल चौराहा से बड़ी पहाड़ी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क में नाला निर्माण को लेकर रूट डायवर्ट किया गया है। बरसात के पूर्व अस्पताल चौराहा पर चाय दुकान के समीप नाला को जोड़ने का काम शुरू कर दिया गया। बारिश शुरू होने से पहले काम पूरा करना है। इसकी वजह से अस्पताल चौराहा और बड़ी पहाड़ी जाने वाला मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया है। अस्पताल चौराहा से बड़ी पहाड़ी की ओर जाने वाले वाहन अब नाला रोड के बगल से बनी सड़क से होते हुए बड़ी पहाड़ी की ओर जाकर शहर से बाहर निकलेंगे। बड़ी पहाड़ी की ओर से आने वाले वाहन बिहार शरीफ प्रखंड कार्यालय के बगल से होकर गुजरने वाली सड़क से होते हुए पालिका मार्केट और रांची रोड होते हुए अस्पताल चौराहा तक आएंगे। बिहार शरीफ यातायात थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि नाला निर्माण को लेकर गाड़ियों के आवागमन को सुचारू रखने के लिए रूट डायवर्ट किया गया है। पूरे मार्ग में आधा दर्जन से अधिक ट्रैफिक पुलिस तैनात रहेंगे। ताकि जाम की समस्या से शहरवासियों को निजात मिल सके।

उपहारा पुलिस टीम पर हमला करने वाला बालू माफिया पिता-पुत्र गिरफ्तार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गोह: उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर से पुलिस टीम पर हमला करने वाला बालू माफिया पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दो सप्ताह पूर्व पुनपुन नदी घाट से बालू की तस्करी कर रहे माफियाओं को पुलिस रोकने गई तो पुलिस बल पर ही हमला कर दिया था। काफी मशक्कत के बाद पुलिस बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया था। मामले में चार लोगों को नामजद आरोपित किया गया था। जिसके बाद बालू माफियाओं की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच शनिवार की देर रात गुप्त सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मनेश कुमार के नेतृव में हमीदनगर गांव में छापेमारी की गई। जिसमें पिता पुत्र को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हमीदनगर गांव निवासी शिवदीप चौबे उर्फ आल्हा चौबे उसका पुत्र रविकांत चौबे व सूर्यकांत चौबे तीनों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया है।

पाथ फाइंडर के अधिकारी ने पैथोलॉजी का किया निरीक्षण

बिहारशरीफ (रासासं): पाथ फाइंडर के अधिकारी ने सदर अस्पताल की पैथोलॉजी का निरीक्षण किया। सबसे पहले व्यवस्था और जांच की संख्या के बारे में जानकारी ली। लैब इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि वर्तमान में जांच की संख्या बढ़ी है। पहले 30-35 प्रकार की जांच होती थी लेकिन अब 62 प्रकार की जांच हो रही है। मरीजों की संख्या में भी पहले से काफी बढ़ोत्तरी हुई है। सभी मानक का फालोअप किया जा रहा है। टीम के अधिकारी डॉ. अरिंदम रे व्यवस्था को देखकर प्रभावित हुए तथा कुछ कमियों में सुधार करने की सलाह दी। पैथोलॉजी में जगह की कमी के कारण कई महत्वपूर्ण जांच नहीं हो पा रही है। जिसमें थायराइड और सीरम इलेक्ट्रोलाइट जांच प्रमुख है। लैब इंचार्ज द्वारा बताया गया है कि थायराइड जांच के लिए मशीन है लेकिन केमिकल नहीं रहने के कारण जांच नहीं हो पा रहा है।

देशबंधु चितरंजन दास की 99वीं पुण्यतिथि मनाई गई

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: महान स्वतंत्रता सेनानी, सुप्रसिद्ध भारतीय नेता, अधिवक्ता, कवि, पत्रकार देशबंधु चितरंजन दास की 99 वीं पुण्यतिथि गया के स्थानीय आजाद पार्क स्थिति इनके प्रतिमा के समक्ष मनाई गई। सर्वप्रथम इनके प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी आदि ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1922 मे आयोजित गया अधिवेशन के अध्यक्ष चितरंजन दास थे जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मोतीलाल नेहरू, सरदार बल्लभ भाई पटेल सहित सभी प्रमुख नेता शामिल थे।

नेताओं ने कहा कि आज गया के आजाद पार्क में देशबंधु चितरंजन दास की प्रतिमा स्थल के बगल में गया नगर निगम द्वारा मूत्रालय बना कर आजाद पार्क का मुख्य द्वार एवं प्रतिमा स्थल को दूषित करने का काम किया गया है, जिसे वहां से हटाना नितांत आवश्यक है।

नेताओं ने कहा कि देशबंधु चितरंजन दास कई स्वतंत्रता सेनानी के मुकदमा लड़ने तथा कई बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थानों की भी स्थापना करने का काम किया। नेताओं ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन स्थल गया जिला के स्वराज पुरी केनदुई में देशबंधु चितरंजन दास की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग किया है।

बकरीद पर्व को लेकर प्रखंड कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित

शेरघाटी (रासासं): बकरीद पर्व को लेकर प्रखंड कार्यालय में रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद के अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में शेरघाटी थाना अध्यक्ष अजीत कुमार, प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार, राजद नेता प्रमोद वर्मा, वसीम अकरम, बेला पंचायत के मुखिया पति सतीश कुमार भारती, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष रमेश पासवान, राम लखन पासवान,किशोर यादव, शेरघाटी थाना के सब इंस्पेक्टर रागिनी कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित थे। बैठक में बकरीद पर्व को क्षेत्र में शांतिपूर्ण कायम रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया। बैठक के दौरान शेरघाटी थाना अध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए और किसी प्रकार के अफवाहों के चक्कर में न पड़े और गलत अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी.आगे कहा कि प्रखंड एवं थाना क्षेत्र के शांति समिति के साथ समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएं।थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि सभी चिन्हित स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। नमाज जहां जहां होती है वहां एहतिहात बरतने का निर्देश दिया गया है।

खेत से व्यक्ति की लाश बरामद, पूजा में शामिल होने पास के गांव में गए थे, हत्या का आरोप

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

नालंदा: नालंदा में संदिग्ध स्थिति में व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मामला गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत रैतर गांव का है। मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के गुलजार विगहा गांव निवासी स्वर्गीय चंदेश्वर यादव के (45) वर्षीय पुत्र अजय यादव के रूप में हुई है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। रविवार की सुबह शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतक के भाई उमेश यादव ने बताया कि शुक्रवार को पास के रैतर गांव में दूसरे समाज के लोग पूजा-पाठ कर रहे थे। जिसमें भाई भी शामिल होने गया था। देर रात हो जाने के बावजूद भी वह घर नहीं लौटा। अगले दिन खोजबीन शुरू कर दी। इसके बाद शनिवार की शाम में रैतर गांव के पोल्ट्री फार्म के पास झाड़ी में शव बरामद हुआ। गांव का एक युवक खेत पटवन के लिए पाइप बिछा रहा था। उसी की नजर शव पर पड़ी तब जाकर मामले का खुलासा हुआ। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गई। अंदेशा है कि भाई की हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया गया होगा। गर्मी की वजह से शव डिकम्पोज हो गया। जिससे तेज दुर्गंध आ रही थी। गिरियक थाना अध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। लू लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के आरोप की भी जांच में पुलिस जुट गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को राष्ट्रीय मेला का दर्जा देने की उठी मांग

पंडा समाज में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति इलाके चौदह संईयां गयापाल समाज ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मिलकर विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को राष्ट्रीय मेला घोषित करने की मांग केंद्र सरकार से करने की पहल की है। समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल एवं वरिष्ठ सदस्य मणिलाल बारिक ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल अनंत चतुर्दशी से आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि तक पितृपक्ष मेला महासंगम का आयोजन पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से किया जाता है, जिसमें लाखों की संख्या में तीर्थयात्री अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध- तर्पण और पिंडदान करने के लिए गयाजी आते हैं। लेकिन उन्हें, जो सुविधाऐं मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाती है। इस वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पितृपक्ष मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व पितृपक्ष मेला को राष्ट्रीय मिलाकर दर्जा घोषित किया जाए, जिससे की केंद्र सरकार की ओर से सारी मूलभूत सुविधाओं का लाभ तीर्थयात्री को मिल सके। केंद्रीय मंत्री ने उपरोक्त मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री को अंग वस्त्र एवं भगवान विष्णु का प्रसाद भेंट कर अभिनंदन किया गया।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.

पंजीकृत कार्यालय: 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केन्द्र, नई दिल्ली-110025, **CIN:** U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन को बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद समायोजित नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार 27.06.2024 को दोपहर 03:00 बजे उस शाखा परिसर में नीलामी की तारीख तय की गई है जहां से ऋण लिया गया था। शर्तों के अनुसार, उधारकर्ताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं और नीलामी की शर्तें।

शाखा	खाता नंबर	अधिनियम धारक	पिता/पति/पत्नी का नाम	पता	एसी खोलने की तिथि	भुगतान करें
गाजियाबाद	101542513699	पिंकी देवी	मधुसूदन मिश्र	एच नं 1, छपरा बहाश पूर्वी चंपारण, बिहार 845435	12/02/2024	47,026.59
इंदिरापुरम	101941511536	रितेश के पांडे	पुत्र जय प्रकाश पांडे	कचैनिया बक्सर, बिहार 802126	02/02/2024	164,337.35
इंदिरापुरम	101942517093	रितेश के पांडे	पुत्र जय प्रकाश पांडे	कचैनिया बक्सर, बिहार 802126	20/02/2024	391,697.65
गाज़ियाबाद	101542513455	पूजा कुमारी	पुत्र अनिल सिंह	माधो बिहारी लेन, सलेमपुर, छपरा, बिहार 841301	22/01/2024	41,703.07
गाज़ियाबाद	101542513425	पूजा कुमारी	पुत्र अनिल सिंह	माधो बिहारी लेन, सलेमपुर, सलेमपुर, छपरा, बिहार 841301	19/01/2024	37,538.16

नीलामी तिथि 27.06.2024 अपराह्न 03:00 बजे है।

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।